# SSC कांस्टेबल (GD)

BSF, NCB, CISF, ITBP, SSB
SSF, CRPF, ASSAM RIFLES

भर्ती परीक्षा (पुरुष/महिला)



# 35 सॉल्वड पेपर्स

2011 से अब तक के
सॉल्वड पेपर्स का संकलन

arihant
SUCCESS AND NOTHING LESS

# SSC कांस्टेबल

## (GD)

BSF, NCB, CISF, ITBP, SSB
SSF, CRPF, ASSAM RIFLES

भर्ती परीक्षा (पुरुष/महिला)

## 35 सॉल्वड पेपर्स

# SSC कांस्टेबल (GD)

BSF, NCB, CISF, ITBP, SSB
SSF, CRPF, ASSAM RIFLES

भर्ती परीक्षा (पुरुष/महिला)

## 35 सॉल्वड पेपर्स

**लेखकगण**
संजीव दीक्षित, सुशील सिंह,
प्रदीप श्रीवास्तव, राजीव पाण्डेय

arihant
SUCCESS AND NOTHING LESS

arihant
SUCCESS AND NOTHING LESS

# अरिहन्त पब्लिकेशन्स (इण्डिया) लिमिटेड

**सर्वाधिकार सुरक्षित**

卐 **© प्रकाशक**

इस पुस्तक के किसी भी अंश का पुनरुत्पादन या किसी प्रणाली के सहारे पुनर्प्राप्ति का प्रयास अथवा किसी भी तकनीकी तरीके—इलेक्ट्रॉनिक, मैकेनिकल, फोटोकॉपी, रिकॉर्डिंग या वेब माध्यम से प्रकाशक की अनुमति के बिना वितरण नहीं किया जा सकता है। 'अरिहन्त' ने अपने प्रयास से इस पुस्तक के तथ्यों तथा विवरणों को उचित स्रोतों से प्राप्त किया है। पुस्तक में प्रकाशित किसी भी सूचना की सत्यता के प्रति तथा इससे होने वाली किसी भी क्षति के लिए प्रकाशक, सम्पादक, लेखक अथवा मुद्रक जिम्मेदार नहीं हैं।

*सभी प्रतिवाद का न्यायिक क्षेत्र 'मेरठ' होगा।*

卐 **रजि. कार्यालय**
'रामछाया' 4577/15, अग्रवाल रोड, दरिया गंज, नई दिल्ली- 110002
**फोन:** 011-47630600, 43518550

卐 **मुख्य कार्यालय**
कालिन्दी, टी०पी० नगर, मेरठ (यूपी)– 250002
**फोन:** 0121-7156203, 7156204

卐 **शाखा कार्यालय**
आगरा, अहमदाबाद, बरेली, बंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, झाँसी, कोलकाता, लखनऊ, नागपुर तथा पुणे

卐 **मूल्य** ₹ 335.00

**PO No :** TXT-XX-XXXXXXX-X-XX

*PUBLISHED BY ARIHANT PUBLICATIONS (INDIA) LTD.*

'अरिहन्त' की पुस्तकों के बारे में अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट **www.arihantbooks.com** पर लॉग इन करें या **info@arihantbooks.com** पर सम्पर्क करें।

**Follow us on...**

# विषय-सूची


- सॉल्वड पेपर 08-02-2023(शिफ्ट I) *1-8*
- सॉल्वड पेपर 07-02-2023(शिफ्ट I) *9-17*
- सॉल्वड पेपर 06-02-2023(शिफ्ट I) *18-25*
- सॉल्वड पेपर 02-02-2023(शिफ्ट I) *26-34*
- सॉल्वड पेपर 01-02-2023(शिफ्ट I) *35-44*
- सॉल्वड पेपर 16-11-2021(शिफ्ट I) *3-13*
- सॉल्वड पेपर 16-11-2021(शिफ्ट II) *14-23*
- सॉल्वड पेपर 16-11-2021(शिफ्ट III) *24-34*
- सॉल्वड पेपर 17-11-2021(शिफ्ट I) *35-44*
- सॉल्वड पेपर 17-11-2021(शिफ्ट II) *45-54*
- सॉल्वड पेपर 2019, 02 मार्च (द्वितीय पाली) *1-11*
- सॉल्वड पेपर 2019, 02 मार्च (प्रथम पाली) *12-22*
- सॉल्वड पेपर 2019, 01 मार्च (द्वितीय पाली) *23-33*
- सॉल्वड पेपर 2019, 01 मार्च (प्रथम पाली) *34-44*
- सॉल्वड पेपर 2019, 22 फरवरी (द्वितीय पाली) *45-55*
- सॉल्वड पेपर 2019, 22 फरवरी (प्रथम पाली) *56-66*
- सॉल्वड पेपर 2019, 19 फरवरी (द्वितीय पाली) *67-78*
- सॉल्वड पेपर 2019, 19 फरवरी (प्रथम पाली) *79-91*
- सॉल्वड पेपर 2019, 18 फरवरी (तृतीय पाली) *92-102*
- सॉल्वड पेपर 2019, 18 फरवरी (द्वितीय पाली) *103-113*
- सॉल्वड पेपर 2019, 15 फरवरी (द्वितीय पाली) *114-125*
- सॉल्वड पेपर 2019, 15 फरवरी (प्रथम पाली) *126-136*
- सॉल्वड पेपर 2019, 14 फरवरी (द्वितीय पाली) *137-147*
- सॉल्वड पेपर 2019, 14 फरवरी (प्रथम पाली) *148-158*
- सॉल्वड पेपर 2019, 13 फरवरी (द्वितीय पाली) *159-169*
- सॉल्वड पेपर 2019, 13 फरवरी (प्रथम पाली) *170-180*
- सॉल्वड पेपर 2019, 12 फरवरी (तृतीय पाली) *181-191*
- सॉल्वड पेपर 2019, 12 फरवरी (द्वितीय पाली) *192-202*
- सॉल्वड पेपर 2019, 11 फरवरी (तृतीय पाली) *203-213*
- सॉल्वड पेपर 2019, 11 फरवरी (द्वितीय पाली) *214-224*
- सॉल्वड पेपर 2019, 11 फरवरी (प्रथम पाली) *225-235*
- सॉल्वड पेपर 2015, 04 अक्टूबर (प्रथम पाली) *236-246*
- सॉल्वड पेपर 2013, 12 मई (प्रथम पाली) *247-256*
- सॉल्वड पेपर 2012, 22 अप्रैल (प्रथम पाली) *257-267*
- सॉल्वड पेपर 2011, 05 जून (प्रथम पाली) *268-278*

# SSC कांस्टेबल (GD) परीक्षा के बारे में...

## पेपर पैटर्न

**Computer Based Examination** (Dates of examination will be intimated in due course).

All candidates whose online applications are found to be in order will be called to appear in the Computer Based Examination (CBE). The Computer based examination will consist of one objective type paper containing 80 questions carrying 160 marks, with the following composition.

| | Subject | Number of Questions | Maximum Marks | Duration/ Time Allowed |
|---|---|---|---|---|
| Part-A | General Intelligence and Reasoning | 20 | 40 | 60 minutes |
| Part-B | General Knowledge and General Awareness | 20 | 40 | |
| Part-C | Elementary Mathematics | 20 | 40 | |
| Part-D | English/Hindi | 20 | 40 | |

**Note** : All questions will be of Objective Multiple Choice Type. The computer based examination will be conducted in English and Hindi only.
The syllabus for the Examination will be as follows

## पाठ्यक्रम

### General Intelligence & Reasoning

Analytical aptitude and ability to observe and distinguish patterns will be tested through questions principally of non-verbal type. This component may include questions on analogies, similarities and differences, spatial visualisation, spatial orientation, visual memory, discrimination, observation, relationship concepts, arithmetical reasoning and figural classification, arithmetic number series, non-verbal series, coding and decoding etc.

### General Knowledge and General Awareness

Questions in this component will be aimed at testing the candidate's general awareness of the environment around him. Questions will also be designed to test knowledge of current events and of such matters of every day observations and experience in their scientific aspect as may be expected of any educated person. The test will also include questions relating to India and its neighbouring countries especially pertaining to Sports, History, Culture, Geography, Economic Scene, General Polity, Indian Constitution, Scientific Research etc. These Questions will be such that they do not require a special study of any discipline.

### Elementary Mathematics

This paper will include questions on problems relating to Number Systems, Computation of Whole Numbers, Decimals and Fractions and relationship between Numbers, Fundamental arithmetical operations, Percentages, Ratio and Proportion, Averages, Interest, Profit and Loss Discount, Mensuration, Time and Distance, Ratio and Time, Time and Work etc.

### English/Hindi

Candidates' ability to understand basic English/Hindi and his basic comprehension would be tested.
The questions is all the above components will be of Matriculation level.

# सॉल्वड पेपर 2022

# SSC कांस्टेबल (जीडी) भर्ती परीक्षा

## निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र में कुल 80 वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्न हैं तथा परीक्षा की अवधि 60 मिनट हैं।
2. प्रत्येक प्रश्न के लिए एक अंक निर्धारित है तथा गलत उत्तर देने के लिए नकारात्मक अंक का प्रावधान नहीं है।
3. इस परीक्षा-पुस्तिका में चार भाग हैं **भाग 1** सामान्य बुद्धिमत्ता एवं तर्कशक्ति (प्रश्न सं. 1-20), **भाग 2** सामान्य ज्ञान (प्रश्न सं. 21-40) **भाग 3** सामान्य गणित (प्रश्न सं. 41-60), **भाग 4** हिन्दी (प्रश्न सं. 61-80)

**परीक्षा तिथि**
**08 फरवरी, 2023**
**(शिफ्ट I)**

---

## भाग-1 सामान्य बुद्धिमत्ता एवं तर्कशक्ति

**1.** उस विकल्प का चयन करें, जो पाँचवीं संख्या से उसी प्रकार सम्बन्धित है, जिस प्रकार दूसरी संख्या, पहली संख्या से सम्बन्धित है और चौथी संख्या, तीसरी संख्या से सम्बन्धित है।
76 : 16 :: 56 : 12 :: 21 : ?
(a) 18 (b) 7
(c) 5 (d) 11

**2.** किस विकल्प में निम्नलिखित शब्दों का वह क्रम दिया गया है, जिस क्रम में वे अंग्रेजी शब्दकोश में आते हैं?
1. Lastly
2. Latex
3. Large
4. Laminate
5. Ladle

(a) 5,4,3,2,1 (b) 5,4,3,1,2
(c) 5,2,3,1,4 (d) 5,1,3,4,2

**3.** निम्नलिखित मे से कौन-सा पद दी गई शृंखला में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर आएगा?
RLMT, QNJX, PPGB, ORDF, ?
(a) UTNB (b) TNUA
(c) NTAJ (d) ATUN


**4.** तीन कथन दिए गए हैं, जिनके बाद तीन निष्कर्ष I, II और III दिए गए हैं। कथनों को सत्य मानते हुए, भले ही वे सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, निर्धारित करें कि कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं?
**कथन**
कुछ लैम्प घड़ियाँ हैं।
सभी घड़ियाँ किताबें हैं।
कुछ किताबें पत्थर हैं।
**निष्कर्ष**
I. कुछ लैम्प पत्थर हैं।
II. कुछ किताबें लैम्प हैं।
III. कुछ घड़ियाँ पत्थर हैं।
(a) सभी निष्कर्ष अनुसरण करते हैं
(b) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
(c) निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं
(d) निष्कर्ष I और III अनुसरण करते हैं

**5.** दिए गए विकल्पों में से उस अक्षर-समूह का चयन कीजिए जो निम्न शृंखला में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर आ सकता है।
GZT, ZSM, SLF, LEY, ?
(a) GXP (b) GXR
(c) EXR (d) EXP

**6.** उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार सम्बन्धित है जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से सम्बन्धित है। (शब्दों को अर्थपूर्ण शब्दों के रूप में मानना है, और उन्हें शब्द में अक्षरों/व्यंजनों/स्वरों की संख्या के आधार पर एक-दूसरे से सम्बन्धित नहीं करना है।)
तीव्र : धीमा : : ऊपर : ?
(a) नीचे
(b) आकाश
(c) महान
(d) विशाल

**7.** दर्पण को दाईं ओर रखे जाने पर निम्नलिखित में से कौन-सी आकृति दी गई प्रश्न आकृति का सटीक दर्पण प्रतिबिम्ब होगी?
**प्रश्न आकृति**







(a) (b) (c) (d)

**8.** निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या दी गई शृंखला में प्रश्नचिह्न (?) के स्थान पर आएगी?
600, 120, 30, 10, ?
(a) 1 (b) 15 (c) 5 (d) 12

**9.** दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन करें जो निम्न शृंखला मे प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।





(a) (b) (c) (d)


**10.** नीचे दिए गए समीकरण को गणितीय रूप से सही बनाने के लिए किन दो चिह्नों को परस्पर बदलना चाहिए?
$165 - 15 \div 5 + 6 \times 16 = 102$
(a) + और ÷ (b) + और ×
(c) – और + (d) ÷ और –


**11.** एक निश्चित कूट भाषा में, 'BRIGHT' को 'JSCVJI' के रूप में लिखा जाता है और 'BROKEN' को 'PSCPGM' के रूप में लिखा जाता है। उसी भाषा में 'BUDGET' को कैसे लिखा जाएगा?
(a) EVCVGI (b) DUBTEG
(c) TEGDUB (d) EVCTEG

**12.** 'A + B' का अर्थ है 'A, B का भाई है'।
'A – B' का अर्थ है 'A, B की माँ है'।
'A × B' का अर्थ है 'A, B का पति है'।
'A ÷ B' का अर्थ है 'A, B की बहन है'।
'A @ B' का अर्थ है 'A, B का बेटा है'।
यदि J @ K × L – M ÷ N है, तो J, N से किस प्रकार सम्बन्धित है?
(a) भांजा (b) जीजा
(c) भाई (d) मौसी

**13.** उस विकल्प का चयन कीजिए जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार सम्बन्धित है जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से सम्बन्धित है। (शब्दों को अर्थपूर्ण शब्दों के रूप में मानना है और उन्हें शब्द में अक्षरों/व्यंजनों/स्वरों की संख्या के आधार पर एक-दूसरे से सम्बन्धित नहीं करना है।)
क्रिकेट : बैट : : बैडमिण्टन : ?
(a) गेंद (b) खिलाड़ी
(c) स्टिक (d) रैकेट

**14.** एक कागज को नीचे दर्शाए गए अनुसार मोड़ा और काटा जाता है। खोले जाने पर यह कैसा दिखाई देगा?






(a) (b) (c) (d)


**15.** एक निश्चित कूट भाषा में 'MAKE' को '32' के रूप में लिखा जाता है और 'QUAD' को '45' के रूप में लिखा जाता है। उसी भाषा में 'SELF' को कैसे लिखा जाएगा?
(a) 46 (b) 44 (c) 42 (d) 40

**16.** सात व्यक्ति, A, B, C, D, E, F और G एक सीधी पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं। E के दाएँ ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। E और A के बीच में केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। B, A के दाएँ ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। D, F के दाएँ ओर ठीक बगल में बैठा है। C, G के बाएँ ओर किसी एक स्थान पर बैठा है। पंक्ति के बाएँ सिरे पर कौन बैठा है?
(a) F (b) A (c) C (d) B

**17.** निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प दी गई शृंखला में प्रश्नचिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?
176, 326, 526, 776, ?, 1426, 1826
(a) 1176 (b) 1276
(c) 976 (d) 1076

**18.** उस विकल्प का चयन कीजिए, जो दी गई आकृति में अन्तर्निहित है (घुमाने की अनुमति नहीं है)।





(a) (b) (c) (d)

**19.** सात व्यक्ति L, M, N, O, P, Q और R एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं। R और P पंक्ति के सिरो पर बैठे हैं। N, P के दाएँ ओर ठीक बगल में बैठा है। M, R के बाएँ ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। O, M के दाएँ ओर ठीक बगल में बैंठा है। L, N और M के बीच में बैठा है। R के बाएँ ओर ठीक बगल में कौन बैठा है?
(a) P (b) M (c) Q (d) L

**20.** दिए गए समीकरण को सन्तुलित करने के लिए विकल्पों में दी गई किन दो संख्याओं (अंकों को नही) को परस्पर बदलना होगा?
$540 + 225 \div 15 \times 25 - 260 = 415$
(a) 15 और 25 (b) 225 और 260
(c) 15 और 260 (d) 225 और 25

## भाग-2 **सामान्य ज्ञान**

**21.** निम्नलिखित में से किसका सम्बन्ध भारतीय शास्त्रीय नृत्य की एक शैली से है?
(a) जाकिर हुसैन (b) अमजद अली खान
(c) रानी कर्णा (d) सुकन्या रामगोपाल

**22.** भारतीय संविधान के अन्तर्गत उच्चतम न्यायालय निम्नलिखित में से कौन-सा मूल अधिकारों के प्रर्वतन के लिए जारी कर सकता है?
(a) रिट (b) अधिसूचना
(c) अध्यादेश (d) हुक्मनामा

**23.** फील्ड हॉकी में, एक टीम से कितने खिलाड़ी खेलते हैं?
(a) 12 (b) 10
(c) 11 (d) 8

**24.** भारत में, श्वेत क्रान्ति को ………… के नाम से भी जाना जाता है।
(a) ऑपरेशन मिल्क (b) ऑपरेशन डेयरी
(c) ऑपरेशन फ्लड (d) ऑपरेशन डैम

**25.** गुप्त शासक समुद्रगुप्त की प्रशंसा में लिखित प्रयाग प्रशस्ति या इलाहाबाद स्तम्भ के रचयिता कौन थे?
(a) कालिदास (b) भास
(c) हरिसेन (d) विशाखदत्त

**26.** सही मिलान करें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| A. | राष्ट्रीय राजमार्ग | i | जिला परिषद् |
| B. | राज्य राजमार्ग | ii | राज्य लोक निर्माण |
| C. | सीमा सड़कें | iii | केन्द्रीय लोक निर्माण |
| D. | जिला सड़कें | iv | सीमा सड़क संगठन |

**कूट**
(a) A-iii, B-ii, C-i, D-iv
(b) A-iv, B-iii, C-i, D-ii
(c) A-ii, B-iii, C-iv, D-i
(d) A-iii, B-ii, C-iv, D-i

**27.** त्रिपुरा की खर्ची पूजा में कितने देवताओं की पूजा की जाती है?
(a) 9 (b) 14
(c) 13 (d) 8

**28.** निम्नलिखित में से किस जोखिम का सम्बन्ध हरित क्रान्ति से है?
(a) खाद्यान्न उत्पादन में वृद्धि
(b) किसानों की आय में वृद्धि
(c) छोटे और बड़े किसानों के बीच बढ़ती असमानता
(d) खाद्यान्नों की उत्पादकता में वृद्धि

**29.** भारत जोड़ो यात्रा 2022 का नेतृत्व किसने किया?
(a) प्रियंका गाँधी
(b) तरुण गाँधी
(c) राहुल गाँधी
(d) सोनिया गाँधी

**30.** कलामण्डलम कल्याणीकुट्टी अम्मा को ………… में उनके कार्यों के लिए प्रसिद्धि और पहचान मिली।
(a) सत्रीया (b) मोहिनीअट्टम
(c) रचनात्मक नृत्य (d) कुचिपुड़ी

**31.** आपराधिक कानून संशोधन अधिनियम 2018, ने महिलाओं के बलात्कार के लिए न्यूनतम दण्ड को 7 से बढ़ाकर ………… वर्ष कर दिया है।
(a) 8 (b) 9
(c) 11 (d) 10

**32.** अर्थव्यवस्था में व्यय विधि में, सकल घरेलू उत्पाद के अन्तिम …….. का कुल योग व्यय फर्मो द्वारा प्राप्त किया जाता है।
(a) बिक्री (b) राजस्व
(c) आय (d) व्यय

**33.** 'वन्दे मातरम्' गीत निम्नलिखित में से किस लेखक ने अपने एक उपन्यास में उद्धृत किया है?
(a) बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय
(b) वीर सिंह सलगांवकर
(c) मुरुगम पेरियार
(d) लाल माखन सिंह

**34.** डिस्कस फेंकते समय खिलाड़ियों को कितने व्यास के वृत्त के अन्दर रहना होता है?
(a) 2.5 मी
(b) 2.3 मी
(c) 3.5 मी
(d) 2 मी

**35.** एक स्थलीय पारितन्त्र में हरे पौधे अपनी पत्तियों पर पड़ने वाले सूर्य के प्रकाश की लगभग ………. ऊर्जा ग्रहण करते हैं और इसे खाद्य ऊर्जा में परिवर्तित करते हैं।
(a) 50% (b) 10% (c) 25% (d) 1%

**36.** निम्नलिखित में से कौन अक्टूबर 2022 में एक राजनीतिक दल, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष बने?
(a) शशि थरूर
(b) मल्लिकार्जुन खड़गे
(c) सुनील जाखड़
(d) सोनिया गाँधी

**37.** किसी कोश में भरे जा सकने वाले इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या ………… द्वारा निरूपित की जाती है, जहाँ $n$ कोषों की संख्या है।
(a) $2n^2$ (b) $2n^3$
(c) $3n^2$ (d) $3n^3$

**38.** भारत के सबसे दक्षिणी सिरे का क्या नाम है?
(a) काराकोरम
(b) इन्दिरा पॉइण्ट
(c) कैलीमेयर पॉइण्ट
(d) इन्दिरा कोल

**39.** राज्य में संवैधानिक आपातकाल लगाने की अनुशंसा करने की शक्ति किसके पास है?
(a) उपराष्ट्रपति
(b) राज्यपाल
(c) प्रधानमन्त्री
(d) गृहमन्त्री

**40.** यह अल्परोजगारी किसी ऐसे व्यक्ति के विपरीत छिपी हुई है जिसके पास नौकरी नहीं है और वह बेरोजगार के रूप में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। इस लिए इसे ……… भी कहा जाता है।
(a) खुला रोजगार
(b) चक्रीय बेरोजगारी
(c) घर्षणात्मक बेरोजगारी
(d) प्रच्छन्न बेरोजबारी

## भाग-3 सामान्य गणित

**41.** 10 किग्रा बेहतर किस्म वाले चावल में 5 किग्रा घटिया किस्म का चावल मिला दिया जाता है। बेहतर किस्म और घटिया किस्म वाले चावल की कीमतें क्रमशः ₹ 85 और ₹ 46 हैं। मिश्रण का प्रति किग्रा औसत मूल्य ज्ञात कीजिए।
(a) ₹ 73 (b) ₹ 74 (c) ₹ 75 (d) ₹ 72

**42.** पूजा, नेहा और मनोज क्रमशः 16, 22 और 20 दिनों में एक कार्य कर सकते हैं। यदि नेहा और मनोज दोनों हर दूसरे दिन पूजा की सहायता करते हैं, तो कार्य किस दिन समाप्त होगा?
(a) 7वें दिन (b) 10वें दिन
(c) 9वें दिन (d) 8वें दिन

**43.** एक वीआईपी बैग पर 20% की छूट थी। अनुपम ने एक बैग खरीदा। उसे नगद भुगतान पर 8% की अतिरिक्त छूट मिली। यदि उसने ₹ 2208 का भुगतान किया हो, तो बैग पर टैग मूल्य कितना अंकित था?
(a) ₹ 2300 (b) ₹ 3000
(c) ₹ 2500 (d) ₹ 2600

**44.** यदि कोई धनराशि 3 वर्षों में $\frac{64}{27}$ गुना हो जाती है, तो प्रतिवर्ष चक्रवृद्धि ब्याज की दर क्या है?
(a) $33\frac{1}{3}\%$ (b) $21\frac{1}{3}\%$
(c) $16\frac{1}{3}\%$ (d) $25\frac{1}{4}\%$

**45.** एक व्यक्ति ने अंकित मूल्य ₹ 500 वाली एक मेज को दो क्रमागत छूटों क्रमशः 8% और 25% पर क्रय किया। उसने परिवहन पर ₹ 32 खर्च किए और मेज को ₹ 500 में बेच दिया। उसे कितने रुपये का लाभ हुआ।
(a) ₹ 120 (b) ₹ 130
(c) ₹ 123 (d) ₹ 124

**46.** यदि धातु के तीन ठोस गोले जिनकी त्रिज्याएँ 1 सेमी, 6 सेमी और 8 सेमी हैं, को पिघलाकर एक और ठोस गोला बनाया जाता है, तो नए गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल (सेमी$^2$ में) ………… है।
(a) $243\pi$ (b) $364\pi$
(c) $642\pi$ (d) $324\pi$

**47.** $P$ एक कार्य को 20 दिनों में कर सकता है और $Q$ उसे 25 दिनों में कर सकता है। यदि वे इस पर एक साथ मिलकर 4 दिनों तक कार्य करते हैं, तो कार्य का कितना प्रतिशत शेष बचेगा?
(a) 68% (b) 52%
(c) 36% (d) 64%

**48.** वह सबसे बड़ी संख्या कौन-सी है, जो 187, 233 और 279 को विभाजित करके प्रत्येक स्थिति में समान शेषफल प्रदान करेगी?
(a) 46 (b) 36
(c) 30 (d) 56

**49.** 257.5 मी और 272.5 मी लम्बाई की दो ट्रेनें विपरीत दिशाओं में यात्रा करते हुए 15.9 सेकण्ड में एक-दूसरे को पार करती हैं। उनकी अनुमानित संयुक्त चाल प्रति घण्टा क्या है?
(a) 120 किमी/घण्टा (b) 150 किमी/घण्टा
(c) 145 किमी/घण्टा (d) 136 किमी/घण्टा

**50.** एक मोटरबाइक के मूल्य में प्रतिवर्ष 10% का ह्रास होता है। यदि मोटरबाइक का वर्तमान मूल्य ₹ 100000 है, तो 36 महीने बाद इसका मूल्य (₹ में) क्या होगा?
(a) 70900 (b) 72900
(c) 71900 (d) 73900

**51.** अमीषा 2 किमी/घण्टा की चाल से 3 किमी चलती है, 4 किमी/घण्टा की चाल से 7 किमी दौड़ती है और बस द्वारा 32 किमी जाती है। यदि बस की चाल 28 किमी/घण्टा है, तो पूरी यात्रा में अमीषा की औसत चाल ज्ञात कीजिए।
(a) $\frac{394}{41}$ किमी/घण्टा
(b) $\frac{392}{41}$ किमी/घण्टा
(c) $\frac{391}{41}$ किमी/घण्टा
(d) $\frac{393}{41}$ किमी/घण्टा

**52.** एक सरकारी कर्मी अपनी आय का 76% खर्च कर देता है! यदि उसकी आय में 14% की वृद्धि हो और उसके खर्च में 10% की वृद्धि हो, तो उसकी बचत का वृद्धि प्रतिशत (दशमलव के 2 स्थान तक शुद्ध) ज्ञात कीजिए।
(a) 26.67% (b) 27.66%
(c) 28.33% (d) 24.33%

**53.** राखी ने सुजाता को 10% के लाभ पर एक टीवी बेचा। उर्मिला ने वह टीवी, राखी को 20% के लाभ पर बेचा था। यदि उर्मिला का क्रय मूल्य ₹ 50000 था, तो सुजाता ने टीवी को कितने में खरीदा?
(a) ₹ 66000 (b) ₹ 72000
(c) ₹ 78000 (d) ₹ 65000

**54.** यदि $y$, $x$, के अनुक्रमानुपाती है तथा $y = 16$ जब $x = 24$, तब $y$ का मान ज्ञात कीजिए जब $x = 45$ हो।
(a) 30 (b) 45
(c) 40 (d) 24

**55.** एक घनाभ की भुजाएँ 3 : 4 : 5 के अनुपात में हैं और इसका आयतन 480 घन इकाई है। सबसे बड़ी और सबसे छोटी भुजा के बीच का अन्तर .......... इकाई है।
(a) 6 (b) 3
(c) 5 (d) 4

**56.** एक निश्चित राशि 6% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से 2 वर्षों में ₹ 7200 हो जाती है, जिस पर ब्याज वार्षिक रूप से चक्रवृद्धि किया जाता है। वह राशि (₹ में, निकटतम पूर्णांक तक) ज्ञात कीजिए।
(a) ₹ 6449 (b) ₹ 6400
(c) ₹ 6408 (d) ₹ 6507

**57.** एक विक्रेता ने किसी वस्तु का विक्रय मूल्य, इसके क्रय मूल्य से 25% अधिक अंकित किया। यदि वह 42% की छूट देता है, तो उसका हानि प्रतिशत ज्ञात कीजिए।
(a) 33.5% (b) 8.5%
(c) 30% (d) 27.5%

**58.** एक रेलगाड़ी 80 किमी/घण्टा की एकसमान चाल से चल रही है। 30 मिनट में रेलगाड़ी द्वारा कितनी दूरी तय की जाती है?
(a) 40 किमी (b) 50 किमी
(c) 60 किमी (d) 70 किमी

**59.** यदि $36 \div 2 + y \times 3 - 22 = 8$ है, तो $y$ का मान ज्ञात कीजिए।
(a) 2 (b) 1
(c) 4 (d) 8

**60.** एक ट्रेन की लम्बाई 150 मी है। यह ट्रेन समान दिशा में 2 किमी/घण्टा की चाल से चल रहे एक व्यक्ति को 3 सेकण्ड में पार कर जाती है। ट्रेन की चाल ज्ञात करें।
(a) 182 किमी/घण्टा (b) 168 किमी/घण्टा
(c) 191 किमी/घण्टा (d) 176 किमी/घण्टा

## भाग-4 **हिन्दी**

**61.** मेरे सिवाय <u>अनेक</u> को एकाआध पुरस्कार अवश्य मिला।
उपरोक्त वाक्य में रेखांकित शब्द के स्थान पर आने वाले सर्वोचित विकल्प का चयन कीजिए।
(a) प्रत्येक (b) किन्हीं
(c) सबको (d) कुछ

**62.** 'कक्ष से बाहर .......... नियमों का पालन करें।' वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति शुद्ध शब्द द्वारा कीजिए।
(a) उलेखित (b) उल्लिखित
(c) उल्लेकित (d) उल्लेखित

**63.** 'इन्द्र' का पर्यायवाची शब्द इनमें से क्या होगा?
(a) शक्र (b) पंचबाण
(c) पिनाकी (d) मनोज

**64.** विकल्पों में दिए गए किस वाक्य में निम्न शब्द के पर्यायवाची का प्रयोग किया गया है?
गणेश
(a) हमें गजानन की पूजा करनी चाहिए।
(b) हम पुरंदर की पूजा करते हैं।
(c) हमें पीताम्बर की अर्चना करनी चाहिए।
(d) हमें शशिशेखर की अर्चना करनी चाहिए।

**65.** निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य कौन-सा है?
(a) बाजार में झुण्डों के झुण्ड जानवर खड़े थे।
(b) सब तरह के वर्ग के लोग सभा में उपस्थित थे।
(c) यह बात कहने में अनन्या को संकोच न होगा।
(d) इस बात को कहने में अनन्या को संकोच न होगा।

**66.** निम्नलिखित मुहावरे में गलत शब्द है
आकाश-पत्तल एक कर देना
(a) पत्तल (b) एक (c) देना (d) आकाश

**67.** विकल्पों में से कौन-सा शब्द निम्न वाक्य में रेखांकित अंश के स्थान पर आ सकता है?
इस समय उनकी <u>आयु</u> 70 वर्ष है।
(a) जीवन (b) उम्र
(c) स्थिति (d) जन्मतिथि

**68.** निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द चुनिए।
जो बाएँ और दाएँ दोनों हाथों से तीर चला ले
(a) मुक्तहस्त (b) सहोदर
(c) सव्यसाची (d) शाक्त

**69.** निम्न वाक्य में रेखांकित शब्द के स्थान पर सर्वोचित शब्द का चयन कीजिए।
चन्द्रगुप्त ऐतिहासिक <u>मरुभूमि</u> पर लिखा गया नाटक है।
(a) भाषा (b) पृष्ठभूमि
(c) शैली (d) रूपान्तरण

**70.** निम्न वाक्यांश के लिए उपयुक्त एक शब्द क्या होगा?
जिसके पाणि में चक्र है
(a) चक्रपाणि (b) चक्रधर
(c) चतुर्दिक (d) चक्राकार

**71.** 'विरंचि' के लिए समानार्थी शब्द चुनकर निम्न वाक्य पूर्ण कीजिए।
राक्षस को ............ से वरदान मिला।
(a) शंकर (b) ब्रह्मा
(c) गणेश (d) विष्णु

**72.** निम्नलिखित वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति उचित संज्ञा शब्द से करें।
डॉक्टर ............. का परीक्षण करता है।
(a) रोगी (b) नीरस
(c) अपने-आप (d) कुछ

**73.** दिए गए मुहावरे में रेखांकित अंश के स्थान पर सबसे उपयुक्त विकल्प कौन-सा होगा?
सिर पर <u>आदमी</u> सवार होना।
(a) भूत (b) भगवान
(c) इंसान (d) जानवर

**74.** निम्नलिखित में से कौन-सा वाक्य संज्ञा के प्रयोग की दृष्टि से शुद्ध है?
(a) विश्वजीत को सफल होने की हताशा है।
(b) विश्वजीत को सफल होने की जिजीविषा नहीं है।
(c) विश्वजीत को सफल होने की निराशा नहीं है।
(d) विश्वजीत को सफल होने की उम्मीद नहीं है।

**75.** दानव का स्वरूप कुरूप है और ईश्वर का ............।
उपरोक्त वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति 'कुरूप' के विलोम शब्द से करें।
(a) भोंडा (b) रूप
(c) सुन्दर (d) स्वरूप

**निर्देश** (प्र.सं. 76-80) *निम्नलिखित गद्यांश में से कुछ शब्द हटा दिए गए हैं। दिए गए विकल्पों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक संख्या के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।*
सर्दियों में लूसी ने दो बच्चों 1............ जन्म दिया, किन्तु उनमें से 2. ............ तो शीत के कारण मर गया और दूसरा उस ठिठुराने वाले परिवेश से जूझने लगा। चार-3. ................ दिन के 4. ............ को छोड़कर लूसी फिर दुकान 5. ............. आने-जाने लगी थी।

**76.** रिक्त स्थान 1 की पूर्ति के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(a) को (b) का
(c) की (d) के

**77.** रिक्त स्थान 2 की पूर्ति के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(a) कुछ (b) एक
(c) कोई (d) अनेक

**78.** रिक्त स्थान 3 की पूर्ति के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(a) तीन
(b) छः
(c) सात
(d) पाँच

**79.** रिक्त स्थान 4 की पूर्ति के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(a) दोस्त (b) चूजे
(c) बच्चे (d) आदमी

**80.** रिक्त स्थान 5 की पूर्ति के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।
(a) के सामने
(b) भर
(c) सब
(d) तक

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** | (c) | **2.** | (b) | **3.** | (c) | **4.** | (b) | **5.** | (c) | **6.** | (a) | **7.** | (d) | **8.** | (c) | **9.** | (d) | **10.** | (d) |
| **11.** | (a) | **12.** | (c) | **13.** | (d) | **14.** | (c) | **15.** | (b) | **16.** | (c) | **17.** | (d) | **18.** | (c) | **19.** | (c) | **20.** | (a) |
| **21.** | (c) | **22.** | (a) | **23.** | (c) | **24.** | (c) | **25.** | (c) | **26.** | (d) | **27.** | (b) | **28.** | (c) | **29.** | (c) | **30.** | (b) |
| **31.** | (d) | **32.** | (d) | **33.** | (a) | **34.** | (a) | **35.** | (d) | **36.** | (b) | **37.** | (a) | **38.** | (b) | **39.** | (b) | **40.** | (d) |
| **41.** | (d) | **42.** | (b) | **43.** | (b) | **44.** | (a) | **45.** | (c) | **46.** | (d) | **47.** | (d) | **48.** | (a) | **49.** | (a) | **50.** | (b) |
| **51.** | (b) | **52.** | (a) | **53.** | (a) | **54.** | (a) | **55.** | (d) | **56.** | (c) | **57.** | (d) | **58.** | (a) | **59.** | (c) | **60.** | (a) |
| **61.** | (a) | **62.** | (b) | **63.** | (a) | **64.** | (a) | **65.** | (c) | **66.** | (a) | **67.** | (b) | **68.** | (c) | **69.** | (b) | **70.** | (a) |
| **71.** | (b) | **72.** | (a) | **73.** | (a) | **74.** | (d) | **75.** | (c) | **76.** | (a) | **77.** | (b) | **78.** | (d) | **79.** | (c) | **80.** | (d) |

# संकेत एवं हल

**1.** *(c)* जिस प्रकार,

$(16 \times 5) - 4 = 80 - 4 = 76$

तथा $(12 \times 5) - 4 = 60 - 4 = 56$

उसी प्रकार,

$(? \times 5) - 4 = 21$

$? \times 5 = 25$

$? = \frac{25}{5} = 5$

**2.** *(b)* अंग्रेजी शब्दकोश के अनुसार शब्दों का क्रम निम्न प्रकार है

Ladle (5) ⟶ Laminate (4) ⟶ Large (1) ⟶ Lastly (2) ⟶ Latex (2)

$\Rightarrow$ 5,4,3,2,1

**3.** *(c)* शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

$R \xrightarrow{-1} Q \xrightarrow{-1} P \xrightarrow{-1} O \xrightarrow{-1}$ N


$L \xrightarrow{+2} N \xrightarrow{+2} P \xrightarrow{+2} R \xrightarrow{+2}$ T

$M \xrightarrow{-3} J \xrightarrow{-3} G \xrightarrow{-3} D \xrightarrow{-3}$ A

$T \xrightarrow{+4} X \xrightarrow{+4} B \xrightarrow{+4} F \xrightarrow{+4}$ J

$\therefore$ ? = NTAJ

**4.** *(b)* कथनानुसार,




**निष्कर्ष** I. (✗) II. (✓) III. (✗)

अतः केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

**5.** *(c)* शृंखला का क्रम निम्न प्रकार है

$G \xrightarrow{-7} Z \xrightarrow{-7} S \xrightarrow{-7} L \xrightarrow{-7}$ E

$Z \xrightarrow{-7} S \xrightarrow{-7} L \xrightarrow{-7} E \xrightarrow{-7}$ X

$T \xrightarrow{-7} M \xrightarrow{-7} F \xrightarrow{-7} Y \xrightarrow{-7}$ R

$\therefore$ ? = EXR

**6.** *(a)* जिस प्रकार, तीव्र का विपरीतार्थक शब्द धीमा होता है उसी प्रकार, ऊपर का विपरीतार्थक शब्द नीचे होता है।

**7.** *(d)* विकल्प आकृति (d) दी गई प्रश्न आकृति की सटीक दर्पण प्रतिबिम्ब होगी।



**8.** *(c)* शृंखला निम्न प्रकार है

$600 \xrightarrow{\div 5} 120 \xrightarrow{\div 4} 30 \xrightarrow{\div 3} 10 \xrightarrow{\div 2}$ 5

$\therefore$ ? = 5

**9.** *(d)* प्रत्येक अगली आकृति में तीर (→) वैकल्पिक रूप से 45° दक्षिणावर्त तथा 90° वामावर्त दिशा में घूम रहा है तथा स्टार (*) प्रत्येक अगली आकृति में 90° दक्षिणावर्त दिशा में आगे बढ़ रहा है।

**10.** *(d)* $165 - 15 \div 5 + 6 \times 16 = 102$

विकल्प (d) से चिह्न बदलने पर,

$165 \div 15 - 5 + 6 \times 16 = 102$

बायाँ पक्ष $= 165 \div 15 - 5 + 6 \times 16$


$= 11 - 5 + 6 \times 16$

$= 11 - 5 + 96$


$= 107 - 5$

$= 102 =$ दायाँ पक्ष


**11.** *(a)* जिस प्रकार,





तथा





उसी प्रकार,




**12.** *(c)* प्रश्नानुसार,





अतः J, N का भाई है।

**13.** *(d)* जिस प्रकार, बैट क्रिकेट खेलने में इस्तेमाल होता है उसी प्रकार, रैकेट बैडमिण्टन खेलने में इस्तेमाल होता है।

**14.** *(c)* प्रश्न में दिए गए कागज को खोलने पर वह विकल्प आकृति (c) की तरह दिखाई देगा।



**15.** *(b)* जिस प्रकार,

M A K E

↓ ↓ ↓ ↓

13 + 1 + 11 + 5 = 30 ⇒ 30 + 2 = 32

तथा

Q U A D

↓ ↓ ↓ ↓

17 + 21 + 1 + 4 = 43 ⇒ 43 + 2 = 45

उसी प्रकार,

S E L F

↓ ↓ ↓ ↓

$19 + 5 + 12 + 6 = 42 \Rightarrow 42 + 2 = \boxed{44}$

**16.** *(c)* प्रश्नानुसार,

C A G B E F D

↑ ↑ ↑ ↑ ↑ ↑ ↑


अतः पंक्ति के बाएँ सिरे पर 'C' बैठा है।

**17.** *(d)* शृंखला निम्न प्रकार है

$176 \xrightarrow{+150} 326 \xrightarrow{+200} 526 \xrightarrow{+250} 776$

$\xrightarrow{+300} \boxed{1076} \xrightarrow{+350} 1426 \xrightarrow{+400} 1826$

**18.** *(c)* विकल्प आकृति (c) प्रश्न आकृति में अन्तर्निहित है।



**19.** *(c)* प्रश्नानुसार,

P N L M O Q R

↑ ↑ ↑ ↑ ↑ ↑ ↑

अतः R के बाएँ ओर ठीक बगल में Q बैठा है।

**20.** *(a)* $540 + 225 \div 15 \times 25 - 260 = 415$

विकल्प (a) के अनुसार संख्या बदलने पर,

$540 + 225 \div 25 \times 15 - 260 = 415$

बायाँ पक्ष $= 540 + 225 \div 25 \times 15 - 260$

$= 540 + 9 \times 15 - 260$

$= 540 + 135 - 260$

$= 675 - 260$

$= 415 =$ दायाँ पक्ष

**21.** *(c)* रानी कर्णा का सम्बन्ध भारतीय शास्त्रीय नृत्य की कथक शैली से है। रानी कर्णा को अपने प्रदर्शन के माध्यम से कथक फैलाने के अतिरिक्त जयपुर और लखनऊ घरानों के रीति-रिवाजों का उपयोग करने का श्रेय दिया जाता है। 2019 में इन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।

**22.** *(a)* भारतीय संविधान के अन्तर्गत उच्चतम न्यायालय रिट जारी करके मूल अधिकारों में प्रवर्तन कर सकता है। अनुच्छेद 32, उच्चतम न्यायालय को पाँच न्यायिक रिट बन्दी प्रत्यक्षीकरण, परमादेश, प्रतिषेध, अधिकार-पृच्छा तथा उत्प्रेषण जारी करने की शक्ति देता है।

**23.** *(c)* फील्ड हॉकी में, एक टीम से 11 खिलाड़ी खेलते हैं। इस खेल में प्रत्येक खिलाड़ी मारक बिन्दु पर मुड़ी हुई एक छड़ी का इस्तेमाल एक छोटी व कठोर गेंद को विरोधी दल के गोल मारने के लिए करता है।

**24.** *(c)* भारत में खेल क्रान्ति को ऑपरेशन फ्लड के नाम से भी जाना जाता है। 13 जनवरी, 1970 को इसकी शुरुआत वर्गीज कुरियन द्वारा की गई थी। इनका जन्म 26 नवम्बर, 1921 को केरल में हुआ था।

**25.** *(c)* गुप्त शासक समुद्रगुप्त की प्रशंसा में लिखित प्रयाग प्रशस्ति या इलाहाबाद स्तम्भ के रचयिता हरिसेन थे। समुद्रगुप्त को गुप्त राजवंश का महानतम राजा माना जाता है। इसे भारत का नेपोलियन भी कहा जाता है।

**26.** *(d)* निम्नलिखित का सही मिलान A-iii, B-ii, C-iv तथा D-i है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| A. | राष्ट्रीय राजमार्ग | (iii) | केन्द्रीय लोक निर्माण |
| B. | राज्य राजमार्ग | (ii) | राज्य लोक निर्माण |
| C. | सीमा सड़कें | (iv) | सीमा सड़क संगठन |
| D. | जिला सड़कें | (i) | जिला परिषद् |

**27.** *(b)* त्रिपुरा की खर्ची पूजा में चौदह (14) देवताओं की पूजा की जाती है। यह हिन्दुओं का प्रसिद्ध त्योहार है जो प्रत्येक वर्ष जुलाई-अगस्त के महीने में त्रिपुरा में मनाया जाता है। यह अगरतला में चौदह देवताओं के मन्दिर परिसर में मनाया जाता है।

**28.** *(c)* छोटे और बड़े किसानों के बीच बढ़ती असमानता जोखिम का सम्बन्ध हरित क्रान्ति से है। हरित क्रान्ति से अभिप्राय है कि सिंचित व असिंचित कृषि क्षेत्रों में अधिक मात्रा में उपज कर संकर व बीन बीजों का इस्तेमाल करके कृषि उत्पादन में वृद्धि करना।

**29.** *(c)* भारत जोड़ो यात्रा 2022 का नेतृत्व राहुल गाँधी ने किया था। इस यात्रा की शुरुआत 7 सितम्बर, 2022 को कन्याकुमारी से की गई थी। यह यात्रा लगभग 136 दिनों तक चली तथा यह 4080 किलोमीटर (2540 मील) की यात्रा थी।

**30.** *(b)* कलामण्डलम कल्याणीकुट्टी अम्मा को मोहिनीअट्टम में उनके कार्यों के लिए प्रसिद्धि और पहचान मिली। ये दक्षिण भारत के केरल से शुशान्तकारी मोहिनीअट्टम की प्रसिद्ध नृत्यांगना थी। ये राज्य के मलप्पुरम जिले में थिरूनावया की निवासी थी।

**31.** *(d)* आपराधिक कानून संशोधन अधिनियम, 2018, ने महिलाओं के बलात्कार के लिए न्यूनतम दण्ड को 7 से बढ़ाकर 10 वर्ष कर दिया है। इसमें 12 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों के बलात्कार और सामूहिक बलात्कार के लिए न्यूनतम 20 वर्ष कारावास का प्रावधान है, जिसे आजीवन कारावास या मृत्युदण्ड तक बढ़ाया जा सकता है।

**32.** *(d)* अर्थव्यवस्था में व्यय विधि में, सकल घरेलू उत्पाद के अन्तिम व्यय का कुल योग व्यय फर्मों द्वारा प्राप्त किया जाता है।

**33.** *(a)* 'वन्दे मातरम्' गीत बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय ने अपने एक उपन्यास 'आनन्दमठ' में उद्धृत किया है। इसकी रचना उन्होंने 1882 ई. में की थी। इस उपन्यास में इस गीत को भवानन्द नाम के संन्यासी ने गाया है।

**34.** *(a)* डिस्कस फेंकते समय खिलाड़ियों को 2.5 मीटर व्यास के वृत्त के अन्दर रहना होता है। यह ट्रैक और फील्ड खेल है, जिसमें खिलाड़ी एक भारी चक्र को अपने साथी खिलाड़ियों से अधिक दूरी तक फेंकने का प्रयास करता है।

**35.** *(d)* एक स्थलीय पारितन्त्र में हरे पौधे अपनी पत्तियों पर पड़ने वाले सूर्य के प्रकाश की लगभग 1% ऊर्जा ग्रहण करते हैं और इसे खाद्य ऊर्जा में परिवर्तित करते हैं।

**36.** *(b)* मल्लिकार्जुन खड़गे अक्टूबर 2022 में एक राजनीतिक दल, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष बने। इनका जन्म वय-वही, भालकी तालुक, बीदर जिला कर्नाटक में एक दलित जाति परिवार में हुआ था।

**37.** *(a)* किसी कोश में भरे जा सकने वाले इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या $2n^2$ द्वारा निरूपित की जाती है, जहाँ $n$ कोशों की संख्या है।

**38.** *(b)* भारत के सबसे दक्षिणी सिरे का नाम इन्दिरा पॉइण्ट है। यह ग्रेट निकोबार द्वीप समूह में स्थित है। इन्दिरा पॉइण्ट आज दिखाई नहीं देता है क्योंकि 2004 की सुनामी में यह समुद्र में डूब गया था।

**39.** *(b)* राज्य में संवैधानिक आपातकाल लगाने की अनुशंसा करने की शक्ति उस राज्य के राज्यपाल के पास होती है। किसी राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने के लिए राष्ट्रपति की मन्जूरी आवश्यक है।

**40.** *(d)* अल्पबेरोजगारी किसी ऐसे व्यक्ति के विपरीत छिपी हुई है जिसके पास नौकरी नही है। और वह बेरोजगार के रूप में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। इसलिए इसे प्रच्छन्न बेरोजबारी कहते है।

**41.** *(d)* 10 किग्रा अच्छे किस्म के चावल का कुल मूल्य $= 10 \times 85$

$=$ ₹ 850

5 किग्रा घटिया चावल का कुल मूल्य

$= 46 \times 5$

$=$ ₹ 230

मिश्रण का प्रति किग्रा औसत मूल्य

$$= \frac{850 + 230}{10 + 5}$$

$$= \frac{1080}{15} = ₹\ 72$$

**42.** *(b)* पूजा का 1 दिन का कार्य $= \frac{1}{16}$

नेहा का 1 दिन का कार्य $= \frac{1}{22}$

मनोज का 1 दिन का कार्य $= \frac{1}{20}$

पूजा का 2 दिन का कार्य $= \frac{1}{16} \times 2 = \frac{1}{8}$

नेहा और मनोज का 1 दिन का कार्य

$$= \frac{1}{22} + \frac{1}{20} = \frac{10 + 11}{220} = \frac{21}{220}$$

पूजा, नेहा और मनोज का 2 दिन का कार्य $= \frac{1}{8} + \frac{21}{220} = \frac{97}{440}$

पहले 2 दिन का कार्य $= \frac{97}{440}$

$\frac{97}{440}$ काम करने में लगा समय =2 दिन

1 काम करने में लगा समय

$$= \frac{2 \times 440}{97} = 9.07 \text{ दिन}$$

अतः कार्य 10 वें दिन में पूरा होगा।

**43.** *(b)* बैग का अंकित मूल्य $= 2208 \times \frac{100}{92} \times \frac{100}{80}$

$$= ₹\ 3000$$

**44.** *(a)* माना धनराशि $= ₹\ x$

तब, मिश्रधन $= ₹\ \frac{64x}{27}$

प्रश्नानुसार,

$$x\left(1 + \frac{r}{100}\right)^3 = \frac{64x}{27}$$

$$\Rightarrow \left(1 + \frac{r}{100}\right)^3 = \left(\frac{4}{3}\right)^3$$

$$\Rightarrow \left(\frac{100 + r}{100}\right) = \frac{4}{3}$$

$$\Rightarrow 300 + 3r = 400$$

$$\Rightarrow 3r = 100$$

$$\Rightarrow r = \frac{100}{3} = 33\frac{1}{3}\%$$

**45.** *(c)* दिया है, मेज का अंकित मूल्य $= ₹\ 500$

मेज का क्रय मूल्य $= \left(500 \times \frac{92}{100} \times \frac{75}{100} + 32\right)$

$$= ₹\ 377$$

मेज को ₹ 500 में बेचा गया, तब लाभ

$$= ₹\ (500 - 377)$$

$$= ₹\ 123$$

**46.** *(d)* हम जानते है, तीनों छोटे गोलों के आयतन का योग बड़े गोले के बराबर होगा।

माना बड़े गोले की त्रिज्या $= R$ सेमी

प्रश्नानुसार,

$$\frac{4}{3}\pi\,(1^3 + 6^3 + 8^3) = \frac{4}{3}\pi R^3$$

$$R^3 = 729$$

$$\therefore \quad R = 9 \text{ सेमी}$$

गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल $= 4\pi R^2$

$$= 4 \times 81 \times \pi$$

$$= 324\,\pi \text{ सेमी}^2$$

**47.** *(d)* $P$ का 1 दिन का कार्य $= \frac{1}{20}$

$Q$ का 1 दिन का कार्य $= \frac{1}{25}$

$P$ और $Q$ का 1 दिन का कार्य $= \frac{1}{20} + \frac{1}{25}$

$$= \frac{5 + 4}{100} = \frac{9}{100}$$

$P$ और $Q$ का 4 दिन का कार्य

$$= \frac{9}{100} \times 4 = \frac{9}{25}$$

शेष कार्य $= 1 - \frac{9}{25} = \frac{16}{25}$

अभीष्ट शेष कार्य $= \frac{16}{25} \times 100 = 64\%$

**48.** *(a)* $\because 233 - 187 = 46$

$$279 - 233 = 46$$

$$279 - 187 = 92$$

46, 46 तथा 92 का म.स. = 46

अतः 46 वह बड़ी संख्या है जिससे 187, 233 और 279 को विभाजित करने पर प्रत्येक स्थिति में समान शेषफल प्राप्त होगा।

**49.** *(a)* $\because$ दूरी = दोनों ट्रेनों की लम्बाई का योग

$$= 257.5 + 272.5 = 530 \text{ मी}$$

संयुक्त चाल $= \frac{530}{15.9} \times \frac{18}{5} = 120$ किमी/घण्टा

(लगभग)

**50.** *(b)* दिया है, मोटरबाइक का वर्तमान मूल्य

$$= ₹\ 100000$$

3 वर्ष बाद मोटरबाइक का मूल्य

$$= 100000 \times \frac{90}{100} \times \frac{90}{100} \times \frac{90}{100}$$

$$= ₹\ 72900$$

**51.** *(b)* कुल समय $= \left(\frac{3}{2} + \frac{7}{4} + \frac{32}{28}\right)$

$$= \left(\frac{84 + 98 + 64}{56}\right)$$

$$= \frac{246}{56} \text{ घण्टे}$$

कुल दूरी $= (3 + 7 + 32)$ किमी

$$= 42 \text{ किमी}$$

$\therefore$ औसत चाल $= \frac{\text{कुल दूरी}}{\text{कुल समय}}$

$$= \frac{42 \times 56}{246} = \frac{392}{41} \text{ किमी/घण्टा}$$

**52.** *(a)* माना सरकारी कर्मी की आय $= ₹\ 1000$

उसका खर्च $= 1000 \times \frac{76}{100} = ₹\ 760$

बचत $= (1000 - 760) = ₹\ 240$

आय में वृद्धि के बाद,

नई आय $= 1000 \times \frac{114}{100} = ₹\ 1140$

नया खर्च $= 760 \times \frac{110}{100} = ₹\ 836$

नई बचत $= (1140 - 836) = ₹\ 304$

बचत में वृद्धि $= (304 - 240) = ₹\ 64$

$\therefore$ अभीष्ट वृद्धि प्रतिशत $= \frac{64}{240} \times 100$

$$= 26.67\%$$

**53.** *(a)* उर्मिला का क्रय मूल्य $= ₹\ 50000$

राखी का क्रय मूल्य $= 50000 \times \frac{120}{100}$

$$= ₹\ 60000$$

सुजाता का क्रय मूल्य $= \left(60000 \times \frac{110}{100}\right)$

$$= ₹\ 66000$$

**54.** *(a)* दिया है, जब, $x = 24$ होगा तो $y = 16$

$$\frac{x}{y} = \frac{24}{16} = \frac{3}{2}$$

यदि $x = 45$, तो $\frac{45}{y} = \frac{3}{2}$

$$y = \frac{45 \times 2}{3} = 30$$

**55.** *(d)* माना घनाभ की भुजाएँ क्रमशः $3x, 4x$ तथा $5x$ इकाई हैं।

हम जानते हैं घनाभ का आयतन $= l \times b \times h$

प्रश्नानुसार,

$$3x \times 4x \times 5x = 480$$

$$\Rightarrow 60x^3 = 480$$

$$\Rightarrow x^3 = 8$$

$$\Rightarrow x = 2$$

सबसे बड़ी भुजा $= 5 \times 2 = 10$ इकाई

सबसे छोटी भुजा $= 3 \times 2 = 6$ इकाई

$\therefore$ अभीष्ट अन्तर $= (10 - 6)$

$$= 4 \text{ इकाई}$$

**56.** *(c)* माना राशि $= ₹\ P$

प्रश्नानुसार,

$$P\left(1 + \frac{6}{100}\right)^2 = 7200$$

$$\Rightarrow P \times \frac{53}{50} \times \frac{53}{50} = 7200$$

$$P = \frac{7200 \times 50 \times 50}{53 \times 53}$$

$$= ₹\ 6408 \text{ (लगभग)}$$

**57.** *(d)* माना वस्तु का क्रय मूल्य = ₹ 100

तब, अंकित मूल्य $= 100 \times \frac{125}{100} =$ ₹ 125

छूट = 42%

$\therefore$ विक्रय मूल्य $= 125 \times \frac{58}{100} =$ ₹ 72.5

$\therefore$ हानि = 100 − 72.5 = ₹ 27.5

$\therefore$ हानि % $= \frac{27.5}{100} \times 100 = 27.5\%$

**58.** *(a)* दिया है, चाल = 80 किमी/घण्टा

समय = 30 मिनट $= \frac{30}{60} = \frac{1}{2}$ घण्टा

हम जानते हैं, दूरी = समय × चाल

रेलगाड़ी द्वारा 30 मिनट में तय की गई दूरी

$= 80 \times \frac{1}{2} = 40$ किमी

**59.** *(c)* दिया है,

$36 \div 2 + y \times 3 - 22 = 8$

$\Rightarrow 18 + 3y - 22 = 8$

$\Rightarrow 3y - 4 = 8$

$\Rightarrow 3y = 12$

$\therefore y = \frac{12}{3} = 4$

**60.** *(a)* व्यक्ति की चाल = 2 किमी/घण्टा

$= \frac{2 \times 5}{18} = \frac{5}{9}$ मी/से

दूरी = 150 मी

माना ट्रेन की चाल = $x$ मी/से

प्रश्नानुसार,

$$\frac{150}{x - \frac{5}{9}} = 3$$

$$\Rightarrow \frac{150 \times 9}{9x - 5} = 3$$

$$\Rightarrow 9x - 5 = 450$$

$$\Rightarrow x = \frac{455}{9} \text{ मी/से}$$

$\therefore$ ट्रेन की चाल $= \frac{455}{9} \times \frac{18}{5} = 182$ किमी/घण्टा

**61.** *(a)* 'मेरे सिवाय अनेक को एक आध पुरस्कार अवश्य मिला।' दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द 'अनेक' सर्वाधिक उचित विकल्प 'प्रत्येक' होगा। अतः सही वाक्य होगा।
मेरे सिवाय प्रत्येक को एक आध पुरस्कार अवश्य मिला।

**62.** *(b)* यहाँ 'उल्लिखित' शब्द शुद्ध होगा। अतः पूर्ण व सही वाक्य होगा—कक्षा से बाहर उल्लिखित नियमों का पालन करें। अन्य विकल्प असंगत हैं।

**63.** *(a)* 'इन्द्र' का पर्यायवाची शब्द यहाँ 'शक्र' होगा। इन्द्र के अन्य पर्यायवाची शब्द हैं—देवराज, अमरपति, सुरपति, देवेन्द्र, देवेश आदि।
अन्य विकल्पों में—
पंचबाण—कामदेव, काम, अनन्द, मदन, मनोज, मन्मथ आदि।
पिनाकी—महादेव, शिव, आशुतोष, भोलेनाथ आदि।

**64.** *(a)* 'गणेश' के लिए यहाँ वाक्यों में 'गजानन' शब्द का प्रयोग किया गया है। अतः यहाँ शुद्ध वाक्य होगा—हमें गजानन की पूजा करनी चाहिए।
अन्य विकल्पों में—
हम पुरंदर की पूजा करते हैं—महेन्द्र, इन्द्र, शक्र, सुरेश, देवराज आदि।
हमें पीताम्बर की अर्चना करनी चाहिए—विष्णु, नारायण, माधव, गोविन्द, चतुर्भुज आदि।
हमें शशि शेखर की अर्चना करनी चाहिए—शिव, महादेव, चन्द्र शेखर, शशि शेखर आदि।

**65.** *(c)* निम्नलिखित में शुद्ध वाक्य होगा—यह बात कहने में अनन्या को संकोच न होगा। अन्य विकल्प असंगत हैं।

**66.** *(a)* 'आकाश-पत्तल एक कर देना' मुहावरे में 'पत्तल' शब्द गलत है। इसके स्थान पर 'पाताल' शब्द उचित होगा। अतः सही मुहावरा होगा—आकाश-पाताल एक कर देना। इस मुहावरे का अर्थ होता है—बहुत मेहनत करना।

**67.** *(b)* 'इस समय उनकी आयु 70 वर्ष है' वाक्य में 'आयु' के स्थान पर 'उम्र' शब्द उपयुक्त होगा। अतः पुनः सही शब्द होगा—इस समय उनकी उम्र 70 वर्ष है। अन्य विकल्प असंगत हैं।

**68.** *(c)* 'जो बाएँ और दाएँ दोनों हाथों से तीर चला ले' वाक्यांश के लिए उचित शब्द होगा—सव्यसाची।
अन्य विकल्पों में—
मुक्त हस्त—खुले हाथ देने वाला
सहोदर—एक ही गर्भ से उत्पन्न
शाक्त—शक्ति सम्बन्धी।

**69.** *(b)* 'चन्द्रगुप्त ऐतिहासिक मरुभूमि पर लिखा गया नाटक है।' वाक्य में रेखांकित शब्द के स्थान पर सर्वोचित शब्द 'पृष्ठभूमि' होगा। अतः सही वाक्य होगा—
चन्द्रगुप्त ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर लिखा गया नाटक है।

**70.** *(a)* 'जिसके पाणि में चक्र है' के स्थान पर उपयुक्त शब्द होगा—चक्रपाणि।
अन्य विकल्पों में—
चक्रधर—चक्र को धारण करने वाला
चतुर्दिक—चारों दिशाओं में
चक्राकार—चक्र के आकार का

**71.** *(b)* 'विरंचि' के समानार्थी शब्द ब्रह्मा, विधि, अज, लोकेश, स्वयंभू आदि होते हैं। अतः यहाँ रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त शब्द 'ब्रह्मा' होगा। अतः पूर्ण वाक्य होगा—राक्षक को ब्रह्मा से वरदान मिला।

**72.** *(a)* रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए यहाँ उचित संज्ञा शब्द 'रोगी' होगा।
अतः पूर्ण वाक्य होगा—डॉक्टर रोगी का परीक्षण करता है। अन्य विकल्प अंसगत हैं।

**73.** *(a)* 'सिर पर आदमी सवार होना' मुहावरे में रेखांकित शब्द के स्थान पर उचित शब्द 'भूत' होगा। अतः सही मुहावारा होगा—सिर पर भूत सवार होना। 'सिर पर भूत सवार होना' मुहावरे का सही अर्थ होता है—एक ही रट लगाए रखना।

**74.** *(d)* संज्ञा के प्रयोग की दृष्टि से शुद्ध शब्द होगा—विश्वजीत को सफल होने की उम्मीद नहीं है। अन्य विकल्प अशुद्ध हैं।

**75.** *(c)* रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए 'कुरुप' का सही विलोम शब्द 'सुन्दर' होगा। अतः सही पूर्ण वाक्य होगा—दानव का स्वरूप कुरुप है और ईश्वर का सुन्दर। अन्य विकल्प असंगत हैं।

**76.** *(a)* रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्प 'को' है। अतः पूर्ण वाक्य होगा—सर्दियों में लूसी ने दो बच्चों को जन्म दिया। अन्य विकल्प असंगत हैं।

**77.** *(b)* रिक्त स्थान (2) की पूर्ति के लिए सही विकल्प 'एक' है। अतः पूर्ण वाक्य होगा—किन्तु उनमें से एक तो शीत के कारण मर गया।

**78.** *(d)* रिक्त स्थान (3) की पूर्ति के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प 'पाँच' है। अतः पूर्ण वाक्य होगा—चार-पाँच दिन के .......।

**79.** *(c)* रिक्त स्थान (4) की पूर्ति के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प 'बच्चे' है। अतः पूर्ण वाक्य होगा—चार, पाँच दिन के बच्चे को छोड़कर लूसी फिर दुकान ....।

**80.** *(d)* रिक्त स्थान (5) की पूर्ति के लिए सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प 'तक' है। अतः पूर्ण वाक्य होगा—चार-पाँच दिन के बच्चे को छोड़कर लूसी फिर दूकान तक आने-जाने लगी थी।